तत्काल/अतिमहत्वपूर्ण

प्रेषक,

उपसचिव,
उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड,
प्रयागराज।

सेवा में,

समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः– 2992–96/153(2019)/अधियाचन/2019–20 दिनांक 20-08-2019

विषयः– उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज की आधिकारिक वेबसाइट के यू0आर0एल0 "http://upsessb.org/" से मिलती जुलती नाम से वेबसाइट द्वारा किये जा रहे फर्जीवाड़े के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपको अवगत कराना है कि चयनबोर्ड के संज्ञान में यह तथ्य आया है कि उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज की आधिकारिक वेबसाइट **http://upsessb.org/** के नाम से मिलते जुलते नाम से फर्जी वेबसाइट बनाकर समानान्तर रूप से असत्य सूचनाओं व सामग्री का प्रकाशन कर फर्जीवाड़े करने का प्रयास किया जा रहा है।

अतएव आपसे अनुरोध है कि किसी भी प्रकार की सूचना अथवा किसी भी प्रकार का सत्यापन चयन बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट से करने हेतु वेब ब्राउजर के एड्रेसबार में **http://upsessb.org/** यू0आर0एल0 का ही प्रयोग करें। उक्त के अतिरिक्त अन्य किसी भी वेबसाइट पर प्रकाशित सामग्री का संज्ञान न लें एवं चयन बोर्ड की वेबसाइट पर जाते समय यू0आर0एल0 भलीभांति जाचँ ले।

भवदीय

20-8-19

उपसचिव,
उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड,
प्रयागराज।

पृष्ठांकन संख्या :– /153(2019)/अधियाचन/2019–20 तद्‌दिनांक

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1. अपर मुख्य सचिव, शिक्षा अनुभाग–5, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) शिविर कार्यालय, 18 पार्करोड, लखनऊ।
3. अपर शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) शिक्षा निदेशालय उ0प्र0 प्रयागराज।
4. समस्त संयुक्त शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश को इस आशय से प्रेषित कि सम्बन्धित मण्डल के अन्तर्गत जिला विद्यालय निरीक्षकों को अपने स्तर से उपरोक्त सन्दर्भ में निर्देशित करने का कष्ट करें।

उपसचिव,
उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड,
प्रयागराज।